Publication: Rashtriya Swaroop	Edition: Lucknow
Date: December 22, 2016	Page: 13

एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड को मिले 100 करोड रूपए से ज्यादा के आर्डर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की प्रतिष्ठित इलेक्ट्रिक उपकरण बनाने वाली कम्पनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड (एक कम्पनी, एनएसई: सिम्बल एचपीएल, बीएसई स्क्रिप कोड 54136) को सौ करोड यपए से अधिक के ऑर्डर मिले है।

इनमें 70 करोड का ऑर्डर भोपाल स्मार्ट सिटी लाइटिंग प्रोजेक्ट का है और 33 करोड का ऑर्डर सर्दन पावर डिस्ट्रीब्यूशन से एनर्जी मीटर के लिए है। एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड के जॉईंट मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सेठ ने इस अवसर पर कहा कि हम भोपाल स्मार्ट सिटी लाइटिंग का ऑर्डर प्राप्त कर बहुत खुश है और अपनी आर एंड टी टीम के प्रयासों की सरहाना करते हैं, जिनके प्रयासों से यह सम्भव हो पाया। एचपीएल में हमारे पास पूरी तरह समर्पित टीम है जो बिजली की कम खपत के लिए स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने के प्रयसों में जुटी है।

यह आर्डर लाइटिंग के क्षेत्र में हमारी अनूठी तकनीक का पुरस्कार है, जिसने हमें दूसरों से उपर बना रखा है।

हमें सर्दन पावर डिस्ट्रीब्यूशन से एनर्जी मीटर्स का 33 करोड रूपए का ऑर्डर और मिला है। भोपाल स्मार्ट सिटी लाइटिंग ऑर्डर के लिए एचपीएल ने पहले भारती इन्फ्राटेल और एरिक्सन के साथ एक कंर्सोटियम के हिस्से के रूप में प्रवेश किया था।